K21U 7028

Reg. No. : ....

Name : ....

II Semester B.M.M.C. Degree (CBCSS – OBE – Regular)
Examination, April 2021
(2020 Admission)
II Semester Integrated M.Sc. (Regular) Examination, January 2022
(2020 Admission)
ADDITIONAL COMMON COURSE IN HINDI
2A08 – 2HIN : Sahithya Aur Prayog

Time : 3 Hours

Max. Marks : 40

I. कम से कम **300** शब्दों में किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए । **(1×7=7)**

1) 'यही सच है' कहानी का सारांश लिखकर उसकी विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ।

2) 'बिछड़े हुए' कहानी का विश्लेषण कीजिए ।

II. **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए । **(2×5=10)**

3) सिविल सर्वीस परीक्षा के लिए नेशनल बुक ट्रस्ट (इंडिया), नई दिल्ली द्वारा प्रकाशित किताबों की सूची मांगते हुए नेशनल बुक ट्रस्ट के प्रबन्धक के नाम पर एक पत्र तैयार कीजिए ।

4) शहर के पेयजल की अव्यवस्था के बारे में बताते हुए जिलाधीश को एक पत्र लिखिए ।

5) के.एस.आर.टी.सी. तिरुवनंतपुरम शाखा में प्रबन्धक का पद खाली है । प्रस्तुत पद के लिए आवेदन पत्र तैयार कीजिए ।

III. निम्नलिखित में से किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए । **(1×5=5)**

6) दहेज प्रथा का अंत कैसे कर पायेंगे ? इस विषय के बारे में अपने दोस्त के साथ हुए वार्तालाप तैयार कीजिए ।

7) विकास के नाम पर प्रकृति पर हो रहे शोषण के बारे में अपने राज्य के पर्यावरण मंत्री के साथ हुए वार्तालाप तैयार कीजिए ।

IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **एक** या **दो** वाक्य में लिखिए । (4×1=4)

8) वर्तमानकाल की परिभाषा दीजिए । उसके कितने भेद हैं ?

9) करण कारक और अपादान कारक का अंतर क्या है ?

10) संज्ञा और सर्वनाम का अंतर क्या है ?

11) विशेषण किसे कहते हैं ? उसके कितने भेद हैं ?

V. मुहावरे और कहावतों का सही अर्थ लिखिए । (5×1=5)

12) आँखें बिछाना ।

13) कोल्हू का बैल ।

14) गले डालना ।

15) आम के आम गुठली के दाम ।

16) जान है तो जहान है ।

VI. किसी **एक** खंड का **अंग्रेजी** या **मलयालम** में अनुवाद कीजिए । (1×5=5)

17) पत्र लेखन का कार्य पारिवारिक जीवन से लेकर व्यापारिक जगत तक प्रयोग में लाया जाता है । पत्र लेखन का कार्य अत्यंत प्रभावशाली होता है । पत्र के अन्तर्गत भाषा एक विशेष तत्व है । पत्र की भाषा सरल व स्पष्ट भी होनी चाहिए । पाठक के स्वभाव व सम्मान को ध्यान में रखकर पत्र को प्रारंभ करना चाहिए ।

18) जब हम नई भाषाएँ सीखते हैं, तो भाषाओं के बीच अनुवाद करने की हमारी क्षमता में सुधार होता है । इससे हमारी बातचीत करने की कला में सुधार होता है । साथ ही तार्किक और पारस्परिक सोच का विकास करने में भी मदद मिलती है । जिससे हम अपने आप को और दूसरों को बेहतर ढंग से समझ सकते हैं । अपने विचार और भावनाएँ बेहतर तरीके से समझ सकते हैं ।

VII. अवतरण पढ़कर नींचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए । **(4×1=4)**

19) कहानी कहना और सुनना मनुष्य की आदिम प्रवृत्ति रही है । कहानी की परम्परा उतनी ही प्राचीन है जितना कि स्वयं मानव । कहानी का जन्म मनुष्य के साथ ही हुआ माना जा सकता है । भाषा के विकास के साथ-साथ कहानी लिपिबद्ध होने लगी ।

1) इस अवतरण के सर्वनाम शब्द चुनकर लिखिए।

2) वर्तमान काल को सूचित करनेवाले शब्दों को चुनकर लिखिए ।

3) कारक चिह्नों को चुनकर लिखिए ।

4) स्त्रीलिंग शब्दों को चुनकर लिखिए ।